हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026



04 भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री ने श्रद्धा...



07 नर्मदा लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्य में तेजी लाने...



## खबर संक्षेप

### 28 को चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

**इटारसी।** इटारसी। रेल यात्रियों को बेहतर और अत्याधुनिक सुविधा देने के लिए रेलवे बनारस-हडपसर (पुणे) अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ कर रहा है। उद्घाटन विशेष ट्रेन गाड़ी संख्या 02531 28 अप्रैल को बनारस से रवाना होगी, जो भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों से होते हुए इटारसी पहुंचेगी। यह ट्रेन अत्याधुनिक 22 कोचों वाले अमृत भारत रेक के साथ संचालित होगी। इटारसी जंक्शन पर इस विशेष ट्रेन का आगमन अगले दिन सुबह 09:25 बजे होगा और 09:30 बजे यह हडपसर के लिए प्रस्थान करेगी। नर्मदापुरम संभाग के यात्रियों के लिए यह ट्रेन बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम और हरदा में भी रुकेगी।

### अब तक हुई 79 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में गेहूं उपार्जन कार्य सतत रूप से जारी है। जिले में कुल 172 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें जेवीएस गोदाम स्तरीय 138, शासकीय गोदाम स्तरीय 05, साइलो 04, समिति स्तरीय 16 एवं मंडी स्तरीय 09 केंद्र शामिल हैं। अब तक कुल 29,683 स्लॉट बुकिंग दर्ज की गई है तथा 169 केंद्रों पर खरीदी कार्य संचालित हो रहा है। जिले में 16,327 किसानों द्वारा उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज का विक्रय किया जा चुका है। जिले में अब तक कुल 79,918 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

### नपा में एक लाख से कम की फाइलों का 'जादुई तिलिस्म' टूटा, शिकायतों के चाबुक ने शुरू कर दिया पारदर्शिता का पाठ

# नपा इटारसी का 'फाइल-फिक्सिंग' खेल खत्म! करोड़ों की कमाई पर ऑनलाइन टेंडर का पहरा

सालों से जिस नगर पालिका में 'टुकड़ों में फाइल' बनाकर मलाई बांटने का खेल चल रहा था, वहां अब ऑनलाइन टेंडर की बयार लग गई है। झाड़ू, फिनायल, और चुना पाउडर से लेकर वाहनों के पंचर तक के टेंडर निकालकर नपा ने सबको चौका दिया है। ये वो काम है जिनके संबंध में आम आदमी को कभी जानकारी भी नहीं लगती थी, अब ये सब काम शहर में ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से संपादित होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कहते हैं 'दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। सालों से जिस नगर पालिका में 'टुकड़ों' में काम करने की परंपरा चली आ रही थी, वहां अब पारदर्शिता का नया अध्याय शुरू हुआ है।

जिस नपा में पिछले कई सालों से एक लाख रुपये से कम की फाइलें बनाकर शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जाते थे या चहेतो के वारे-न्यारे किए जाते थे, लेकिन हाल ही में उजागर हुई 'आर्थिक अनियमितताओं' और शिकायतों के बाद नपा प्रशासन बैकफुट पर आ गया है। यहां अब ऑनलाइन टेंडर की 'ईमानदार' बयार बहने लगी है। नतीजा यह है कि नपा प्रशासन ने अब आनन-फानन में छोटे-छोटे कामों को जोड़कर लाखों रुपये के ऑनलाइन टेंडर जारी किए जा रहे हैं।

### जनता अब पूछ रही है

जो काम कल तक बिना टेंडर के चुपचाप हो जाते थे, उनके लिए आज पारदर्शिता का चोला क्यों पहना जा रहा है?₹ नगर पालिका ने इस बार जो टेंडर जारी किए हैं, उनकी राशि और स्वरूप देखकर यह साफ है कि कल तक ये काम कैसे 'मैनेज' होते होंगे।




### वर्षों से नोटशीट पर चले आ रहे थे काम

नपाध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि वर्षों से नपा में कई कार्य नोटशीट के माध्यम से होते आए हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार इन कार्यों की शिकायतें की जा रही थी। आगे चलकर इस संबंध में शिकवा शिकायतें न हों इसलिए 90% काम ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से कराने का प्रयास किया जा रहा है। झाड़ू, पंचर, स्टेशनरी जैसे कई कार्यों को हमारी परिषद ने पहली बार पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया में शामिल किया है। निश्चित ही इससे नपा को जनहित के कार्य करने में सरलता होगी और पारदर्शिता बनी रहेगी।

### 10 लाख की झाड़ू, 15 लाख का पंचर बनाए

नपा द्वारा जारीऑनलाइन टेंडरों में पहले जिन कार्यों का ऑनलाइन टेंडर किया गया है उनमें मुख्यतः झाड़ू, वाहनों की वार्षिक मरम्मत, स्टेशनरी, टायर ट्यूब खरीदी एवं पंचर कार्य, कीटनाशक पाउडर, फिनायल और मलेरिया तेल एवं पाउडर, कंसलटेंट एवं आर्किटेक्ट, वाहनों की बेल्डिंग, पोल शिफ्टिंग, पाइपलाइन लीकेज मरम्मत जैसे कार्य शामिल है। नपा 10 लाख रूपये की झाड़ू खरीदेगी, 15 लाख रूपये का पंचर जोड़ेगी, 10 लाख रूपये से कुत्तों की आधुनिक नसबंदी करेगी, 9 लाख रूपये से वाहनों में बेल्डिंग करने जैसे कार्य करेगी।

### सफाई से लेकर पेंटिंग तक, सब 'टुकड़ों' में था बंद

नपा के गलियारों में ऐसी फाइलों का अंबार रहा है जो जानबूझकर 90 से 99 हजार रुपये के बीच रोकी जाती थीं, ताकि टेंडर की 'झंझट' से बचा जा सके और पसंदीदा लोगों को काम सौंपा जा सके। लेकिन अब पोल खुलने के डर से, प्रशासन ने 2026-27 के लिए एक साथ बड़े बजट के टेंडर जारी किए हैं। यह हृदय परिवर्तन किसी सेवा भाव से नहीं, बल्कि एक लाख रुपये से कम की फाइलों में हुई कथित भारी बंदरबांट और उसके बाद मचे बवाल के डर से हुआ है। कल तक जो साहब और बाबू 99,999 रुपये तक की फाइल पर मुस्कुराते हुए दस्तखत करते थे, आज वही 10-15 लाख के ऑनलाइन टेंडर निकालकर अपनी 'पाक-साफ' छवि चमकाने में जुटे हैं।

### ऑनलाइन टेंडर की दहलीज पर इटारसी का विकास

शहर का पूरा विकास अब ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया की दहलीज पर पहुंच चुका है। अब शहर में होने वाले लगभग 95% विकास कार्य ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से ही संपादित होंगे। अभी तक बड़े कार्यों के लिए ऑनलाइन टेंडर निकाले जाते थे लेकिन छोटे से छोटे काम के लिए भी टेंडर प्रक्रिया की गई है। हालांकि अगर इन टेंडरों के लिए समय पर फर्म या ठेकेदार ने टेंडर नहीं भरे तो शहरवासियों को मूलभूत समस्याओं के लिए परेशान होना पड़ सकता है। वर्तमान में भी शहर में झाड़ू, पेयजल सप्लाई, वाहन मरम्मत जैसे कई जनहित के कार्य रुके हुए हैं।

### वो 15 टेंडर, जिनकी 'किश्तों' ने सालों तक कइयों की जेबें भरीं

नगर पालिका ने अब जिन कामों को ऑनलाइन किया है, उनकी सूची देखकर ही समझ आता है कि पूर्व का ''जुगाड़ कितना गहरा था। देखिए इन टेंडरों का लेखा-जोखा

| क्र | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | जल कार्य सामग्री खरीदी | रू. 80.00 |
| 2 | गाड़ियों की वार्षिक मरम्मत | रू. 25.00 |
| 3 | मशीनें (नाला सफाई/ परिवहन) | रू. 15.00 |
| 4 | स्टेशनरी खरीदी (वार्षिक) | रू. 15.00 |
| 5 | टायर-ट्यूब और पंचर कार्य | रू. 15.00 |
| 6 | टेंट और सामग्री किराया | रू. 15.00 |
| 7 | कीटनाशक पाउडर (वार्षिक) | रू. 12.00 |
| 8 | पेंटिंग 3D आर्ट्स व IEC | रू. 10.00 |
| 9 | कुत्तों की नसबंदी (लैप्रोस्कोपिक) | रू. 10.00 |
| 10 | फिनाइल और मलेरिया तेल | रू. 10.00 |
| 11 | सफाई झाड़ू (हैंडल वाली) | रू. 10.00 |
| 12 | कंसल्टेंट और आर्किटेक्ट | रू. 9.50 |
| 13 | वाहनों में वेल्डिंग व शेडिंग | रू. 9.00 |
| 14 | लीकेज मरम्मत (पाइपलाइन) | रू. 8.00 |
| 15 | HT/LT बजली पोल शिफ्टिंग | रू. 7.60 |

## भीषण गर्मी की चपेट में नर्मदापुरम, पारा 44.4 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। आसमान से बरसती आग और लू के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे प्रदेश के शीर्ष पांच सबसे गर्म शहरों की सूची में नर्मदापुरम अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे ठीक एक दिन पहले, शनिवार को तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस था। मात्र 24 घंटे के भीतर तापमान में 1 डिग्री की इस बढ़ोतरी ने लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ा दी हैं।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय प्रमुख मार्गों और बाजारों में कर्फ्यू जैसा सन्नाटा नजर आ रहा है। केवल वही लोग घरों से बाहर कदम रख रहे हैं जिन्हें अति आवश्यक कार्य है। तेज धूप से बचने के लिए लोग सिर पर गमछा ओढ़कर और पूरी तरह से खुद को ढंककर ही बाहर निकल रहे हैं।

### डॉक्टरों की सलाहः बचाव ही उपाय

इस जानलेवा गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने आम जनता के लिए बचाव की सलाह दी है कि दिन के समय, विशेषकर दोपहर में बिना जरूरी काम के घरों से बाहर न निकलें।शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी का अधिक से अधिक सेवन करें और तरल पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करें।

### डिजिटल जनगणना 2027 पर दिया जोर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के वार्ड क्रमांक 18, बूथ क्रमांक 71, शक्ति केंद्र क्रमांक 4 (गंगाधर, मंडी गेट के सामने, आईटीआई रोड) पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सविता दीवान शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस को मिली सफलता : वैवाहिक कार्यक्रम में दोहरी हत्याकांड का आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले की शिवपुर थाना पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड और पुलिस टीम पर हमला करने वाले शातिर अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 20,000 रुपये के इनामी आरोपी लोकेश कीर को गंजाल नदी के पास कोलगांव के जंगलों से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

बीती 19 अप्रैल 2026 को ग्राम नाहरकोला में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी अमर सिंह कीर और उसके बेटे लोकेश कीर ने लाठी और धारदार चाकू से जयनारायण कीर, दौलतराम कीर और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में गंभीर चोट लगने के कारण दौलतराम कीर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

हत्या की वारदात के बाद जब पुलिस टीम आरोपी को पकडऩे पहुंची, तो आरोपी लोकेश कीर ने साहस दिखाते हुए ड्यूटी पर तैनात आरक्षक ओमप्रकाश जाट पर भी चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या और पुलिस पर हमले के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

### जंगलों में दी दबिश

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साईं एस कृष्णा के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया था। वैज्ञानिक पद्धति और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 25 अप्रैल की रात करीब 10 बजे कोलगांव के जंगलों में दबिश देकर लोकेश को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया चाकू भी बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरोपी पिता अमर सिंह को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

### आदतन अपराधी है लोकेश

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 18 वर्षीय आरोपी लोकेश कीर एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट और मारपीट जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। इस पूरी कार्यवाही में एसडीओपी सिवनी मालवा महेंद्र सिंह चौहान, शिवपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक केएन रजक, उपनिरीक्षक विवेक यादव, उपनिरीक्षक संजीव पवार और साइबर सेल के आरक्षक संदीप व दीपेश सहित पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 9 का निरीक्षण, मौके पर पाइप लाइन में वाल्ब लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सभी नागरिकों को समान रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विगत दिनों से वार्ड क्रमांक 9, खेड़ा स्थित बंगाली कॉलोनी में पेयजल की समस्या सामने आ रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए आज नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे स्वयं जल विभाग के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और पाइपलाइन के माध्यम से हो रहे जल वितरण की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पाइपलाइन में लगे वॉल्व की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस पर जल विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सही स्थान पर वॉल्व लगाए जाएं, जिससे सभी नागरिकों को उचित रूप से पेयजल मिल सके।

साथ ही पंप ऑपरेटर को सख्त निर्देश दिए गए कि समय पर बारी-बारी से सभी लाइनों के वॉल्व खोले जाएं, ताकि घरों तक पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी पहुंच सके। वर्तमान में जल स्तर कम होने के कारण पाइपलाइन में पानी का दबाव कमजोर हो गया है, इसलिए सही स्थानों पर वॉल्व लगाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद राजकुमार यादव, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय, वरिष्ठ नेता इंद्रजीत मालदार, जल विभाग के राजाराम मालवीय सहित अन्य कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल संकट, मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 34 में रेलवे द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के दौरान नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पिछले दो दिनों से क्षेत्र के रहवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलते ही आज नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे वार्ड पार्षद अंजलि कलीसिया जल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन को ठीक कराया गया, जिससे वार्ड में पुनः पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि अब नियमित समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। समस्या के समाधान के बाद वार्डवासियों ने राहत महसूस करते हुए नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



### अबतक 1000 किसान बने पैक्स सदस्य

**नर्मदापुरम।** डीआरसीएम शिवम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर पैक्स में नवीन सदस्य बनाने के उद्देश्य से महासदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में भी यह अभियान निरंतर रूप से चलाया जा रहा है। यह अभियान 14 अप्रैल से 15 मई तक संचालित किया जाएगा।

## जिला सहकारी बैंक ने की डेढ़ करोड रुपए की वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला सहकारी बैंक द्वारा मार्केटिंग फेडरेशन की लंबित राशि के भुगतान सुनिश्चित करने के लिए वसूली अभियान को गति दी गई है। प्रमुख सचिव, सहकारिता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिलेभर में विशेष वसूली अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत किसानों से घर-घर संपर्क कर लंबित राशि की वसूली की जा रही है। इस कार्य के लिए सभी सोसायटी कर्मियों को फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे वसूली प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। जिले की विभिन्न बैंक शाखाओं में शाखा प्रबंधकों एवं सोसायटी कर्मियों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, ताकि तय समयसीमा में वसूली सुनिश्चित की जा सके। जिले में लगभग डेढ करोड रुपये की वसूली की जा चुकी है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिले में निरंतर रूप से वसूली की कार्रवाई जारी है और सहकारिता विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### वार्ड 18 में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

## 32 लाख से अधिक की राशि से बनेगी सीसी रोड, होंगे अन्य विकास कार्य, नपा को मिले दो पानी के टेंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप नगर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। रविवार को वार्ड क्रमांक-18, शिव कॉलोनी में 32 लाख से अधिक की राशि से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा अपनी निधि से नगरपालिका को दो पानी के टैंकर प्रदान किए गए। जिन्हें हरी झंडी दिखाकर अतिथिगणों द्वारा रवाना किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने स्वागत भाषण दिया गया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।



### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सांसद दर्शनसिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, वार्ड पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, सागर शिवहरे, गोकुल पटेल, रुपेश राजपूत, राजेश तिवारी, उमेश पटेल, शैलेन्द्र, राजेन्द्र गौर, राहुल सोलंकी, लक्ष्मण बैस, रोहित गौर, आनंद दुबे, अतुल भंडारी, पंकज पांडे, दुर्गेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता-वार्डवासी उपस्थित रहे।

नपा में उपयंत्री और कार्यप्रभारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि वार्ड 18 में 32 लाख से अधिक की राशि के आज भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका निकाय निधि द्वारा लगभग 20 लाख 50 हजार, राज्यसभा सांसद निधि 5 लाख एवं सांसद निधि से 1 लाख 50 रुपए एवं अन्य निधि से विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

## डायल 112 के प्रयास के लिए टीम को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला पुलिस की डायल 112 टीम ने अपनी तत्परता से एक बड़ा हादसा टालते हुए एंबुलेंस में सवार मरीज की जान बचाई। इस साहसिक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक और अस्पताल प्रबंधन ने टीम को पुरस्कृत किया है।

22 अप्रैल 2026 को सिवनी मालवा से मरीज को लेकर नर्मदापुरम जा रही भोपाल केयर हॉस्पिटल की एंबुलेंस में अचानक धुआं निकलने लगा। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पेट्रोल पंप से फायर एग्जीक्यूटर लाकर आग पर काबू पाया। 25 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी साई कृष्णा और भोपाल केयर हॉस्पिटल के संचालक मंडल डॉ. अजय शंकर मेहता, डॉ. अंकित गद्रे व जितेंद्र रघुवंशी ने टीम का उत्साहवर्धन किया। सम्मानित होने वालों में प्रधान आरक्षक सुशील कुमार मिश्रा, आरक्षक अजय गुप्ता, पायलट सुधीर और एंबुलेंस चालक शाहरुख खान शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### बैतूल-आठनेर मार्ग पर मिला व्यक्ति, आईसीयू में भर्ती

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र में बैतूल-आठनेर मार्ग पर फोरलेन ओवरब्रिज के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर हालत में घायल मिला है। उसे डायल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। घायल व्यक्ति ने पीली शर्ट और काला पैंट पहना हुआ है। उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल पहुंचने के बाद से वह बेहोशी की हालत में है और कई घंटे बीतने के बाद भी उसे होश नहीं आया है। अस्पताल चौकी प्रभारी एएसआई जयपाल रघुवंशी ने बताया कि घायल के पास किसी भी प्रकार का पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है। घटनास्थल के आसपास कोई वाहन भी मौजूद नहीं था, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह किसी वाहन से टकराया है या उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। पहचान न हो पाने और परिजनों की अनुपस्थिति के कारण, उसकी गंभीर स्थिति के बावजूद उसे भोपाल रेफर नहीं किया जा सका है। फिलहाल, डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में घायल व्यक्ति की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छ और ठंडे जल की सेवा दी




**बैतूल।** गर्मी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा और धर्म माना गया है। ट्रेन स्टेशनों पर कुछ मिनटों के लिए ही रूकती है ऐसे में यात्री उतरकर पानी नहीं भर पाते हैं। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी के संयुक्त तत्वावधान में रेल यात्रियों के लिए निशुल्क जल सेवा प्रदान की गई। घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर दोपहर के समय ट्रेनों में यात्रियों को सैकड़ों लीटर स्वच्छ एवं ठंडा पानी पिलाया गया। जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। सेवा कार्य यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी और सराहनीय रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक, मप्र जन अभियान परिषद एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक संतोष राजपूत, गायत्री परिवार के डॉ.मनोज पाटणकर श्री दशरथ एवं गायत्री परिवार की सदस्य बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू कोर्स के परामर्शदाता के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजय कुमार महतो, जतिन प्रजापति, संगीता उघडे सहित दोनों कक्षाओं के सायह सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

### अपहृत बालिका दस्तयाब आरोपियों को भेजा जेल

**बैतूल।** शाहपुर पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में नाबालिक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को फरियादी द्वारा थाना शाहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिक पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर ग्राम जालीखेड़ा, थाना केसला से आरोपी सतीश चौहान (उम्र 20 वर्ष) के कब्जे से नाबालिक को दस्तयाब किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा नाबालिक को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुराचार करना स्वीकार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया तथा नाबालिक को आवश्यक कार्रवाई उपरांत उसकी माता के सुपुर्द किया गया।

---

#### करीब 45 करोड़ के एवज में मात्र साढ़े आठ करोड़ का भुगतान

# जिले में 2863 किसानों से 54 केंद्रों पर खरीदा 9316 मीट्रिक टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में अब तक हुई कुल खरीदी के 3 फीसदी भी राशि किसानों के खातों में नहीं पहुंची है। अभी भी लगभग 16 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान बाकी है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक 9316 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल है। इस हिसाब से जिले के किसानों का कुल भुगतान 24 करोड़ 45 लाख 45 हजार रूपये का भुगतान होता है, जिसमें से मात्र साढ़े आठ करोड़ रुपये का ही भुगतान किसानों को हुआ है। ऐसे में अब किसान भुगतान के लिए परेशान हो रहे है। दरअसल रबी की फसल पर किसान का पूरा आर्थिक ढांचा टिका होता है, लेकिन इस बार सरकारी सिस्टम की सुस्ती के कारण गेहूं का उपार्जन किसानों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। शादी-ब्याह का सीजन है। पुरानी देनदारियों का बोझ है। किसान को नगदी की सख्त जरूरत है। लेकिन उपज बेचने से लेकर भुगतान पाने तक की प्रक्रिया कछुआ चाल से चल रही है। किसानों का कहना है कि गेहूं बेचने के बाद अब तक भुगतान नहीं हुआ। जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### पंजीयन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया सुस्त

उपज बेचने के शुरूआती दौर से ही किसान परेशान है। पहले खरीदी देरी से शुरू हुई। फिर रि-वेरिफिकेशन में परेशानी हुई। स्लॉट बुकिंग में दिक्कत रही। जद्दोजहद के बाद जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेच दिया, वे अब भुगतान के लिए परेशान हैं। जबकि 7 दिन में भुगतान का दावा सरकार ने किया था। लेकिन उपज बेचने के लिए भी कई किसानों के खातों में राशि नहीं पहुंची है। ऐसे में कई किसान खुले बाजार में गेहूं बेचने को मजबूर है। किसानों का कहना है कि शादी-ब्याज का सीजन है। किसानों को पैसे की आवश्यकता है। लेकिन भुगतान में देरी के कारण उन्हें मजबूरी में खुले बाजार में उपज बेचनी पड़ रही है।

### 54 खरीदी केन्द्रों पर 9326 मेट्रिक टन की खरीदी

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये गये है। इन केंद्रों में से अब तक सिर्फ 54 केन्द्रों पर ही खरीदी शुरू हो पाई है। शेष 10 केन्द्रों पर अभी तक किसान उपज लेकर नहीं पहुंचे है। इधर समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले के 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि 54 केन्द्रों पर 2863 किसानों ने ही उपज बेची है। इन किसानों से कुल 9316 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। वहीं 5557 किसानों ने उपज बेचने के लिए स्लॉट बुक किये है। बता दे कि स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कतों की वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अब केन्द्रों पर होगी 2250 क्विंटल रोजाना खरीदी

जिले के केन्द्रों पर उपज खरीदी की लिमिट बढ़ा दी है। इससे किसानों को राहत मिलेगी। पहले यह लिमिट 1 हजार क्विंटल थी। जिसकी वजह से 1 हजार क्विंटल खरीदी के बाद किसानों को उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ता था। हालात यह थे कि किसानों को खरीदी केन्द्र पर ही दूसरे दिन तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब केन्द्रों पर उपज की खरीदी की लिमिट बढ़ाकर 1 हजार से 2250 क्विंटल कर दी है। इससे अधिक से अधिक किसान उपज बेच सकेगे। बता दे कि 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य में गेहूं खरीदी शुरू हुई है। लेकिन समस्या यह थी कि अभी तक केवल छोटे किसानों की ही उपज क्रय की जा रही थी। लेकिन सोमवार से बड़े और मध्यम किसानों के भी स्लॉट बुक होने शुरू हो जायेगे। जिसके बाद खरीदी केन्द्रों पर उपज की आवक बढ़ने की उम्मीद है।

### 50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं भी खरीदेगी सरकार

बेमौसम बारिश की मार झेल चुके किसानों के लिए राहतभरी खबर है। असमय वर्षा के कारण गेहूं की फसल की चमक कम हो गई है। चमक विहीन गेहूं की खरीदी पर नियमों में ढील देकर किसानों को राहत दी गई है। लस्टर लॉस का मानक 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा टूटे और सिकुड़े हुए दानों के मानक में भी ढील दी गई है। बताया जा रहा है कि शासन द्वारा जारी किये गये नियमों के तहत खरीदे गये इस गेहूं को सामान्य गेहूं के साथ नहीं मिलाया जायेगा। इस गेहूं का भंडारण और लेखा-जोखा पूरी तरह से अलग रखा जाएगा।

### सैटेलाइट को नहीं दिखी गेहूं फसल, 50 पंजीयन रिजेक्ट

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में सैटेलाइट सर्वे ने ब्रेक लगा दिया था। बड़े किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं। अब सर्वे पूरा हो गया है। इससे सोमवार से मध्यम या बड़े किसानों के स्लॉट बुक होना शुरू होने की उम्मीद है। वहीं स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी है। इधर जिले में 11684 किसानों के खेतों का सैटेलाइट सर्वे होने के बाद 50 किसानों के खेत में गेहूं की फसल नहीं दिखने पर पंजीयन निरस्त कर दिया हैं। सबसे अधिक मुलताई ब्लॉक में 23 तथा आमला में 21, घोड़ाडोंगरी में 1, आठनेर 1, प्रभातपट्टन 2, भीमपुर और भैंसदेही में 1-1 पंजीयन निरस्त किए। जिले में 11684 किसानों के 10807 हेक्टेयर फसल का सत्यापन तहसीलदारों ने सैटेलाइट सर्वे करने के बाद गड़बड़ी मिलने पर मौके पर जाकर किया। इसके बाद 50 किसानों के पंजीयन रिजेक्ट किए। वहीं 10 किसानों का सत्यापन अभी तक अटका है। आमला तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान ने बताया कि खेतों में फसल नहीं दिखने के कारण पंजीयन रिजेक्ट किए हैं।

#### इनका कहना है

जिले में 2863 किसानों से 9316 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की गई है। वहीं 5557 किसानों ने स्लॉट बुक कराये है। अब तक किसानों को साढ़े आठ करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। जल्द ही शेष किसानों का भी भुगतान हो जायेगा।

**विख्यात इंडोलिया**
प्रबंधक, जिला आपूर्ति निगम

---

#### हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

## पांच गोवंशों को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधा, मौत



**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी मवेशियों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने आश्रम से मवेशियों को चुराया और उन्हें रस्सी से रेलवे ट्रैक पर बांध दिया। इसके बाद ट्रेन गुजरने से सभी पशु उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। ऐसा पता चला कि आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कार्रवाई की मांग रखी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मवेशियों को ट्रैक पर बांधने के कारण उनकी मौत हुई और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है। प्रशासन ने मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### जिला जेल बैतूल में जेल लोक अदालत आयोजित




**बैतूल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को जिला जेल बैतूल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल दिनेश कुमार थपलियाल एवं जेल लोक अदालत की नोडल अधिकारी रश्मि खुराना न्यायिक मजिस्ट्रेट बैतूल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। जेल अधीक्षक जिला जेल योगेंद्र कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित न्यायाधीशों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल रूप से माननीय मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय जेल ग्वालियर में आयोजित जेल लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में भी सहभागिता दर्ज कराई गई।

---

## सामुदायिक भवन का विधयाक ने किया लोकार्पण, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

#### मुख्यमंत्री विशेष निधि से बना भवन, वर्षों पुरानी मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



प्रभातपट्टन अंतर्गत ग्राम सिरसावाड़ी में ग्रामीणों को एक बड़ी सुविधा मिली है। क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मुख्यमंत्री विशेष निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर गांव में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सिरसावाड़ी में करीब 16 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। लंबे समय से ग्रामीण इस भवन की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि गांव में सामुदायिक भवन के अभाव में लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस भवन के बन जाने से ग्रामीणों को एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा, जिससे विभिन्न कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनसेवा के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उनका जीवन स्तर सुधरे। कार्यक्रम में प्रभात पट्टन जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल, जनपद सदस्य नितेश काले, सरपंच उषा चंद्रशेखर गीद, मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, मासोद मंडल अध्यक्ष विजय घोडकी, भाजपा नेता राजेश पाठक, रोशन देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सामुदायिक भवन के निर्माण से खुश ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन गांव के सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा और आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण आयोजनों का केंद्र बनेगा।

### प्रसादी वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन




**शाहपुर।** ग्राम कोटमी में ग्रामवासियों के सहयोग से चल रही श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। कथा 20 अप्रैल सोमवार से प्रारंभ हुई थी। श्रीमद् भागवत महापुराण में कथावाचक पंडित राजेश व्यास खातेगांव तिवडिया के मुखारविंद से भक्तों को श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। भीषण गर्मी के समय भी भक्त खेड़ापति में मंदिर कोटमी के प्रांगण में बैठकर भगवान की कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। सातों दिनों की कथा का संपूर्ण सार सभी भक्तों को श्रावणित कराया गया। हवन आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। कथा के दौरान पूर्व विधायक घोड़ाडोंगरी और मध्यप्रदेश जनजाति आयोग के नव नियुक्त सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता आदि रहे मौजूद।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री ने श्रद्धा सुमन किए अर्पित

#### सेवानिवृत्त प्राचार्य स्व. महेश पचौरी के निधन पर जताई शोक संवेदनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा केन्द्रीय राज्यमंत्री व बैतूल सांसद डीडी उइके ने रविवार की दोपहर में सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समाजसेवी स्व. महेश पचौरी के विकासनगर कालापाठा स्थित निवास पर पहुंचकर आध्यात्मिक व्यक्तित्व वाली उनकी धर्मपत्नी सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती शकुंतला पचौरी व बिटिया समाजसेवी तूलिका पचौरी, बेटे आशीष पचौरी सहित उनके परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं जताई और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। गौरतलब है कि गत 24 अप्रैल को स्व. महेश पचौरी जी के निधन के पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाने के कारण आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उईके उनके निवास पर पहुंचे और उन्होंने श्रीमती शकुन्तला पचौरी और उनके परिजनों को ढांढस भी बंधाया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद आनंद प्रजापति, नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष अतीत पवार, स्व. महेश पचौरी के अनुज भ्राता वरिष्ठ पत्रकार व हरिभूमि नरसिंहपुर ब्यूरोचीफ संजय पचौरी, दामाद वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि बैतूल जिला ब्यूरोचीफ संजय द्विवेदी, पंकज शुक्ला, रंजना शुक्ला, प्रशांत राजोरिया, एडवोकेट उत्कर्ष पचौरी आदि मौजूद थे।




---

#### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः वैदिक रीति रिवाज और जनजातीय परंपरा से विवाह संपन्न

# 200 जोड़ों ने जीवन भर के लिए थामा एक दूसरे का हाथ, गूंजे मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड रविवार को उस समय उत्सव स्थल में तब्दील हो गया, जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। पूरे परिसर में शहनाइयों की मधुर धुन, मंत्रोच्चारण और मंगल गीतों की गूंज के बीच नवदंपत्तियों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। आकर्षक सजी वेदियों पर पारंपरिक विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही गाजे-बाजे के साथ निकली बारात, जिसकी अगवानी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला श्री योगेश पंडाग्रे उपस्थित थे। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जनपद अध्यक्ष इमलाबाई जावलकर, नगर परिषद बैतूल बाजार अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा, जनपद पंचायत आठनेर अध्यक्ष रोशनी उईके, नगर परिषद आठनेर अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप, जनपद पंचायत आमला अध्यक्ष गणेश यादव, नगर पालिका आमला अध्यक्ष नितिन गाडरे सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय निकायों के पदाधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की चिन्ता कर पूरी भव्यता और गरिमा के साथ उनका विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विवाह एक ऐसा संस्कार है जिसमें पुरुष और प्रकृति एक होकर एकाकार हो जाते है और नव वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर गृहस्थ आश्रम को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से सभी नव युगल दंपतियों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।




### फिजूलखर्ची रुकेगी, बचत बनेगी भविष्य का सहाराः हेमंत

प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सामूहिक विवाह समारोह में कहा कि आज 200 जोड़े अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं, जो समाज के लिए एक अच्छी और प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की इस योजना से न सिर्फ आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि शादी में होने वाली फिजूलखर्ची पर भी रोक लग रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह कुछ अच्छा करे और अपनी बचत को भविष्य के लिए सुरक्षित रखे। सामूहिक विवाह जैसी पहल से परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा और बचाई गई राशि भविष्य में काम आएगी। इससे समाज में सादगी और जागरूकता की नई सोच विकसित होगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसका असली लाभ तभी मिलेगा, जब परिवार विवाह के बाद अनावश्यक खर्च से बचें और मिलने वाली राशि को भविष्य के लिए संभालकर रखें।

### योजना कमजोर वर्गो के लिए वरदान साबितः पंडाग्रे

आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक बाधाएं दूर हो रही हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक नया जीवन शुरू करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग से अपना जीवन सुखमय बनाएं।

### कन्या विवाह आयोजन में भोजन-पेयजल के उत्तम प्रबंध

कन्या विवाह आयोजन में भोजन और पेयजल के उत्तम प्रबंध किए गए। गर्मियों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। पेयजल की सतत आपूर्ति के लिए पानी के टैंकर लगाए गए। सभी वर वधु और उनके परिजनों को उनके निर्धारित स्थानों पर ही समय-समय पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। धूप से बचाव के लिए गुणवत्तापूर्ण टेंट लगाए गए और जगह-जगह कूलर की व्यवस्था भी की गई।

## खबर संक्षेप

### आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती का पखवाड़ा

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में माखन नगर के सेक्टर 02 एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति द्वारा ग्राम मुडियाखेड़ा में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाज सेवी कामता चौहान नवांकुर संस्था संचालक मनीष चतुर्वेदी परामर्शदाता हर्ष तिवारी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिन विश्वकर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद थी सर्व प्रथम आदि गुरु शंकराचार्य जी की चित्र के समक्ष जी पूजन अर्चन किया गया सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया सभी ने अपने अपने विचार साझा किए सभी को जल गंगा अभियान की जानकारी प्रदान की।

### उमंग ने जीइई मेन्स परीक्षा 98%से पास की

**माखन नगर।** उमंग मालवीय पिता संजय मालवीय ने ऑनलाइन पढ़ाई करते हुए जी मेन एग्जाम 98% से पास किया है। उमंग ने ऑल इंडिया रैंक। 8498 हासिल की है। उमंग ने कक्षा 12वीं की परीक्षा भी गणित विषय से 98% अंक लाकर पास की है। उमंग ने ये उपलब्धि प्राप्त कर परिवार एवं माखन नगर का गौरव बढ़ाया है परिवार जनों एवं समाज के लोगों ने हर्ष जताते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर बधाई दी है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में नर्मदा लोक कॉरिडोर की समीक्षा बैठक संपन्न

# नर्मदा लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्य में तेजी लाने सीएमओ को दिए निर्देश

रेवा सभा कक्ष में कलेक्टर ने शनिवार को आयोजित बैठक के दौरान नर्मदालोक कॉरिडोर के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने शनिवार को रेवा सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान नर्मदालोक कॉरिडोर के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण कार्य हेतु निर्माण एजेंसी के लिए विस्तृत वर्क शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि वर्क शेड्यूल के कार्यों को साप्ताहिक लक्ष्यों में विभाजित किया जाए तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र पूरी टीम को मोबिलाइज कर कार्य में तेजी लाई जाए।

#### आवश्यकतानुसार बढ़ाई जाए श्रमिकों की संख्या

बैठक में कलेक्टर ने नर्मदालोक कॉरिडोर के सुचारू क्रियान्वयन के लिए स्थानीय स्तर पर मैनेजर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सीएमओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

#### लापरवाही न करें निर्माण एजेंसी

उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्मदालोक कॉरिडोर शासन की एक महत्वाकांक्षी कार्यों में से एक है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं तथा श्रमिकों को कार्य के दौरान उनका उपयोग सुनिश्चित कराया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यस्थल पर स्वच्छ पेयजल, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

#### किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को समन्वय बनाकर समय अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नर्मदापुरम श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ नगरपालिका नर्मदापुरम हेमेश्वरी पटले उपस्थित रहे।

## बस चालकों की मनमानी से स्टेट हाईवे के बीचोबीच बना दिए स्टैंड




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में यात्री बस चालकों की मनमानी लगातार जारी है। चालक बीच हाईवे पर बसें रोकते हैं। जिनके कारण रोजाना ही बार-बार काफी देर तक यातायात बाधित होता है। मुख्य रूप से पलकमती नदी के दोनों सिरों पर, मुख्य बाजार क्षेत्र में, सिविल कोर्ट चौराहे पर, लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस चौराहे पर तथा रामगंज मोड़ पर दिनभर दर्जनों बार बसें बीच सड़क पर रोकी जाती हैं। जिसके कारण यातायात बाधित होता है। प्रशासन के आदेश के बाद भी अव्यवस्था दूर नहीं हो पा रही है। जिससे नागरिकों में नाराजगी है। रविवार सुबह भी सिविल कोर्ट चौराहे पर खड़ी बस से बाधित हुआ यातायात।

### विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी में स्थित सब जेल परिसर में मध्य प्रदेश राज्य विधिक साक्षरता सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में उप जेल परिसर में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता सेवा प्राधिकरण शिविर में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा सहायक उप जेल अधीक्षक मनीष पवार को निर्देशित किया गया । यदि कोई बंदी किसी भी बीमारी से ग्रस्त हैं।तो उसका उचित तरीके से इलाज मुहैया कराया जाएगा। अगर उसे निरंतर इलाज की आवश्यकता है तो उसे निरंतर इलाज मुहैया कराया जाएगा। बन्दी जिन्हें विशेष स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नर्मदापुरम या भोपाल जाना है।तो भोपाल भेजे जाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में शामिल हुए अखिलेश चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने बंदियों को कानूनी सलाह दी है। स्वास्थ्य परीक्षण में स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित डाक्टर मनीष डेहरिया। डाक्टर नरेश बमरेले योगेन्द्र दुबे प्रयोग शाला प्रबंधन । मनोज केवट डा श्याम सुंदर सोडानी नेत्र सहायक सतीश वर्मा सतीश वर्मा बरसाती मांझी द्वारा 114बंदियो का परीक्षण किया गया। च

## पिपरिया में जनगणना 2027 के कार्य का दूसरा चरण हुआ प्रारंभ

### शिक्षक, शिक्षिकाओं, प्रगणकों, सुपरवाइजर, राजस्व कर्मचारी आदि जुटे हैं कार्य में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिनमें भारत सरकार के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एवं नगरपालिका परिषद के परिसर में जनगणना कार्य के प्रथम चरण का प्रशिक्षण महाअभियान पूर्ण हो गया है।

द्वितीय वैच का प्रशिक्षण महाअभियान प्रारंभ किया गया है। जनगणना कार्य की आधुनिक तकनीकी शिक्षा से अवगत कराया गया है। प्रशिक्षण महाअभियान के



दौरान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य केवल आंकड़े का संकलन नहीं है। वल्कि देश के भविष्य की योजना का आधार है।

अधिकारियों ने इस देश की राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी-पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बार जनगणना में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। प्रशिक्षण महाअभियान मे मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को डेटा संग्रह की नई सरल प्रक्रिया की जानकारी मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल के माध्यम से डेटा प्रविष्टि की तकनीक घर घर जाकर सर्वेक्षण करने की व्यवहारिक तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने समयवद सटीक डेटा संकलन के लिए प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर। प्रदीप शर्मा भी आर सी विनय मोहन शर्मा दिलीप मालवीय संजीव दुबे मनीष जैन प्रमोद रघुवंशी सहित अन्य सभी लोगों ने अपनी सेवाएं दी हैं।

प्रशिक्षण महाअभियान मे बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं प्रगणकों सुपरवाइजर राजस्व कर्मचारी गणना कार्य में लगातार लगे हैं। सिर्फ जनता से सही जानकारी देने की अपील की गई है।

### सोहागपुर में 'जल मंदिर' की स्थापना, भीषण गर्मी में मिल रहा शीतल जल

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सोहागपुर में 'जल मंदिर' यानी प्याऊ की स्थापना की गई है। 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्याऊ शुरू की गई है। इससे जनपद में विभिन्न योजनाओं और आवश्यक कार्यों के लिए आने वाले हितग्राहियों को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा।

संस्था विगत 5 वर्षों से हर वर्ष विकासखण्ड में 5 निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कर रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष विकासखण्ड में संस्था द्वारा स्थापित यह तीसरी प्याऊ है।

## नगर में बढ़ते तापमान को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन का समय किया गया परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर सरकार द्वारा बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में समय परिवर्तन किया गया है। जिसमें आसपास की आम जनता को नजर रखने की अपील की गई है। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र अब प्रातः 7बजकर 30मिनट से दोपहर 2बजकर 30मिनट तक संचालित खाएं जाएंगे।

प्रातः 7/30पर आंगनबाड़ी केंद्र खोलकर बच्चे का स्वागत किया जाएगा।8बजे से 8/30तक सामुहिक गतिविधियों के बाद प्रातः



9बजे नाश्ता किया जा सकता है।10बजे से रचनात्मक कार्य किया जा सकता है। दोपहर 11बजकर 30मिनट से 12/30तक भोजन कराएं। बच्चों को सुरक्षित अभिभावकों तक पहुंचाना है दोपहर 12/30से 2बजे तक पूरक पोषण आहार अंतर्गत जैसे पोषक तत्व पर चर्चा मंगल दिवस आदि विषयों पर चर्चा करते हुए। निर्धारित ग्रह भेंट करते हुए। दोपहर 2बजे से 2/30तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका रिकार्ड संधारण कार्य करेंगी। दोपहर 3बजे आंगनबाड़ी केंद्र बंद करना है।इस बात की जानकारी आसपास के लोगो को रखना है।समय अनुसार कार्य ना करने पर परियोजना अधिकारी कलेक्टर सोमेश मिश्रा मीडिया को जानकारी दी जा सकती है।

## सेवादल ने किया ध्वज वंदन प्रभात फेरी भी निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश सेवादल द्वारा अध्यक्ष अविनेश भार्गव एवं जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे के निर्देश पर रविवार को ब्लॉक एवं नगर सेवादल ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गायत्री मंदिर से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल तक रघुपति राघव राजा राम गाते हुए प्रभात फेरी निकाली पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई की दादा की प्रतिमा पर सूत की माला पहनाई। प्रदेश सेवादल युवा बिग्रेड अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने प्रतिमा स्थल पर व्याप्त गंदगी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा की परिषद भाजपा विधायक स्थानीय प्रशासन पर महापुरुषों के अपमान का आरोप लगाया है ना तो प्रतिमा और प्रतिमा स्थल की नियमित साफ सफाई की जाती है।

## कतिया समाज ने मनाई शिवभक्त भूरा भगत जयंती

### कतिया समाज के वरिष्ठजनों ने किया सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान, दी भविष्य की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कतिया समाज सोहागपुर द्वारा शनिवार को मधुर मिलन गार्डन इंदिरा वार्ड में समाज के आराध्य भूरा भगत का जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में समाज की सभी प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। आयोजन में सोहागपुर तथा आसपास से सामाजिक जन शामिल हुए। आयोजन बावत श्रवण भन्नारिया, बलराम बेलवंशी, सचिन जागवंशी, रविन्द्र बारसिया ने संयुक्त रूप से बताया कि सर्वप्रथम संत भूरा भगत जी की पूजा अर्चना और हवन आरती की गई। इसके बाद समाज के वरिष्ठों को मंचासीन कराया गया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद धर्मदास बेलवंशी ने सभी




वरिष्ठजनों का स्वागत किया। धर्मदास बेलवंशी ने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 22 विद्यार्थियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। वरिष्ठजनों ने संत भूरा भगत जी के आदर्श व्यक्तित्व पर उद्बोधन दिये। कार्यक्रम में चंदन सिंह बेलवंशी, परमसुख पठारिया, रमेश आरसे, हरलाल बेलवंशी, रमेश भन्नारिया, रत्नेश नागवंशी, संतोष बेलवंशी, रामदयाल जागवंशी, शंकर लाल आरसे, रामाधार नागेश, शंकरलाल नायक, देवेंद्र जवारे, अनिल जागवंशी, कमलेश ब्रम्हवंशी, लाल बहादुर आम्रवंशी, कमलेश, देवकिशन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। आभार पार्षद धर्मदासश्रवण भन्नारिया ने मंच संचालन किया। वहीं भंडारा आयोजन भी किया गया।

धर्मदास बेलवंशी ने बताया कि महान शिवभक्त संत भूरा भगत जी का जन्म 16 वीं शताब्दी में वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को नागवंशी कुल में विदर्भ भारत में हुआ था। भूरा भगत जी गुरु गोरखनाथ जी के शिष्य थे, जिनकी मंडली भारत दर्शन को निकली थी। तब रात्रि विश्राम ग्राम सांगाखेड़ा जिला छिंदवाड़ा में किया। भूरा भगत को बुखार आया तो वे सपत्नीक सांगाखेड़ा में रुक गए, जहां चौरागढ़ पर्वत पर उन्हें शिव जी के साक्षात दर्शन हुए तो संत जी ग्राम सांगाखेड़ा में बस गए।

## गौ सेवा सुरक्षा सम्मान अभियान में आज सक्रियता का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गौ सेवा सुरक्षा सम्मान में राष्ट्रीय स्तर पर आज सक्रियता का आव्हान संबंधित संस्था द्वारा आमजनों से किया गया है। अभियान से जुड़े आशीष पुरोहित निवासी सोहागपुर ने बताया कि अभियान में 27 अप्रैल 2026 और 27 जुलाई 2026 को गौ सम्मान दिवस निर्धारित किये गए हैं। तथा इन दोनों दिनों की सुबह 10 बजे देश की 5410 तहसील में अपने-अपने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर आमजन तथा संबंधित संस्था के सदस्य प्रशासन के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करेंगे। आशीष पुरोहित ने बताया कि अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त करने के लिए 9067777323 नंबर पर मिस कॉल भी की जा सकती है।

### मंत्री पटेल ने नर्मदा गुंजारी घाट पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया

**सीहोर।** पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधनी जनपद के ग्राम जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं नवसंवार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभी तक की कार्य प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें।

### जनगणना 2027 : प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण संपन्न

# दो चरणों में होगा जनगणना 2027 का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण के अंतर्गत नगर परिषद माखन नगर कार्यालय में जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री जीएस राजपूत जी की अध्यक्षता में फील्ड ट्रेनर श्री केके दुबे,श्री केके बरकरे द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण में 30 प्रगणक एवं 06 सुपरवाइजरों एवं जनगणना में संलग्न कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं ऐप आधारित कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा फील्ड में प्रायोगिक टेस्टिंग भी




की गई।

#### प्रतिभागियों ने शपथ ली

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को पूर्णतः डिजिटल, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराना है। यह देश की अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। चार्ज अधिकारी श्री जीएस राजपूत ने बताया कि जनगणना का संपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, इसलिए सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे फील्ड अधिकारियों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं के निर्माण हेतु प्रमाणिक डाटा एकत्रित किया जा सके।

#### दो चरणों में होगी जनगणना

इस चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्णतः एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी।

### आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में माखन नगर के सेक्टर 02 एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति द्वारा ग्राम मुडियाखेड़ा में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाज सेवी कामता चौहान नवांकुर संस्था संचालक मनीष चतुर्वेदी परामर्शदाता हर्ष तिवारी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिन विश्वकर्मा आदि ग्रामवशी मौजूद थी सर्व प्रथम आदि गुरु शंकराचार्य जी की चित्र के समक्ष जी पूजन अर्चन किया गया सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया सभी ने अपने अपने विचार साझा किए सभी को जल गंगा अभियान की जानकारी प्रदान की।

## ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्याः कौशलेश प्रताप

### कालेज में हुआ आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला नर्मदापुरम द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जयंती व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में किया गया गरिमामयी। कार्यक्रम में विद्वानों एवं संतजनों के प्रेरणादायक उद्बोधन ने उपस्थित जन अभियान परिषद के विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ता ,नवांकुर संस्था, परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति सदस्यों को भारतीय संस्कृति अद्वैत दर्शन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम गायकवाड़ (संभाग प्रभारी गायत्री परिवार) ने आदिगुरु शंकराचार्य जी को नमन करते हुए बताया की आदि गुरु शंकराचार्य संस्कृत के महान आचार्य, अद्वैत वेदांत के प्रखर प्रवर्तक एवं सनातन धर्म के पुनर्जागरण के महान नायक थे।

उन्होंने अपने दिव्य ज्ञान, तर्क और साधना के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक चेतना को एक नई दिशा दी तथा "अद्वैत" के सिद्धांत से सम्पूर्ण जगत को एकत्व का संदेश दिया। उनका जीवन हमें सत्य, ज्ञान, वैराग्य और आत्मबोध के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कौशलेश प्रताप तिवारी संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद ने अपने उद्बोधन में बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य जी का धर्म दर्शन अद्वैत सिद्धांत पर आधारित था।

ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्याः केवल ब्रह्म शाश्वत सत्य है। यह दृश्यमान संसार अस्थायी और 'माया' (भ्रम) है, जो परिवर्तनशील होने के कारण परम सत्य नहीं है।

**माया :** यह वह शक्ति है जो वास्तविक ब्रह्म को छुपाती है और मिथ्या जगत को वास्तविक दिखाती है। यह सांसारिक दुखों और जन्म-मृत्यु के चक्र (संसार) का कारण है।

ज्ञान मार्ग मोक्ष (मुक्ति) केवल आत्म-ज्ञान या ब्रह्म ज्ञान से ही प्राप्त हो सकती है, न कि केवल कर्मकांड से। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों सुरेश अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी, निखिलेश चतुर्वेदी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रमेश खंडेलवाल , पंडित राजकुमार शास्त्री , मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी एवं शिक्षाविद डॉ आई.एस. कनेश जी ने भी आदि गुरु शंकराचार्य के धर्म दर्शन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



तृतीय उपहार
10 नग LED TV



चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522